**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 09.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय ने वजीरगंज तथा नवादा इन्देपुर अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया गया।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संक्रमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।**

1– नगर आयुक्त द्वारा वजीरगंज तथा नवादा इन्देपुर अत्येष्टि स्थल नगर निगम द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इन अत्येष्टि स्थलो पर सौन्दर्यीकरण का कार्य तत्काल पूर्ण किये जाने के साथ–साथ वृक्षरोपण भी कराया जाने का निर्देश दिया गया। अत्येष्टि स्थल की साफ– सफाई व्यवस्था हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त,सहायक नगर आयुक्त,नगर स्वास्थ्य अधिकारी,मुख्य अभियन्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

2– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण के साथ–साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वैक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संकमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आज दिनांक 09.07.2020 को लोधीपुर,बाबूजई,शमशानघाट नवादा,अहमदपुर रेती,अटां में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव में विशेष सफाई अभियान कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य :– कचहरी,जज साहब का बगंला, रामनगर कॉलोनी,दिलाजाक,रेयान स्कूल,तारीन गाडीपुरा,बी0एस0 पब्लिक स्कूल,मुमुक्ष आश्रम,रैन बसेरा आदि में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
9/7/2020

Generated by CamScanner